## महत्वपूर्ण एवं खास

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर 26 अगस्त को बंद रहेगा मदिरा दुकान

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर 26 अगस्त 2024 को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के संपूर्ण क्षेत्र को मदिरा शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके तहत जिले में संचालित समस्त देशी, विदेशी और कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकान के कंपोजिट मदिरा (सीएस-2 घघ), (सीएस-2 ग़ अहाता), (सीएस-2 घघ कंपोजिट अहाता), कंपोजिट मंदिरा दुकानों (सीएस-2 घघ कंपोजिट) तथा विदेशी मदिरा दुकानों (एफएल-1 ख अहाता), (एफएल-1 घघ) बंद रहेगा और मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### डॉ खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

**छानबीन समिति से जांच के बाद कृषि विभाग के जिला कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य शासन ने कृषि विभाग के डॉ खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए किसानों से आवेदन आमंत्रित किया है। इसकी संपूर्ण जानकारी कृषि विभाग के वेबसाइट एग्री पोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन https://agriportal.cg.nic.in/ पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र कृषि विभाग के जिला कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र ब्लॉक के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के माध्यम से छानबीन समिति से चयन उपरांत कृषि विभाग के जिला कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2024 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई नहीं किया जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा क्षेत्र के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों और व्यक्तियों से वर्ष 2025 के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार देने हेतु भारत सरकार ने आवेदन आमंत्रित किया है। ऐसे बहादुर व्यक्ति या संस्था जिन्होंने प्राकृतिक आपदा में उत्कृष्ट कार्य किया है, वो इस पुरस्कार के लिए निर्धारित प्रपत्र में 31 अगस्त 2024 तक ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव पोर्टल अवार्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन https://awards.gov.in पर भर सकते हैं। इस पुरस्कार की घोषणा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जन्मतिथि पर की जाएगी। इसमें पुरस्कार राशि 51 लाख रूपए और 5 लाख रुपए निर्धारित है।

### दस साल पहले के मामले में विधायक देवेन्द्र यादव को मिली कोर्ट से राहत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को बिलासपुर हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सीजीएम मनीष कुमार दुबे की कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। मामला 10 साल पहले का है। देवेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं के घेराव साथ बिलासपुर के अटल बिहारी यूनिवर्सिटी में किसी मुद्दे को लेकर किया था। जिसको लेकर उन पर केस दर्ज हुआ था। बता दें कि 10 साल पहले सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 147, 427 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज किया था। इस मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव, अमितेश राय, प्रकाशमणि वैष्णव, रंजीत सिंह, सोहेल खालिक समेत अन्य के खिलाफ एफ आईआर दर्ज किया गया था। देवेन्द्र यादव स्थाई वारंट पर भी जवाब देने के लिए वे कोर्ट नहीं पहुंच रहें थे। फ़िलहाल कोर्ट ने उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर राहत दी।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्ती जारी

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में झोलाछाप डॉक्टरों पर लगातार कार्रवाई जारी है. इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग ने बिलासपुर जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. जिले के चार ब्लॉकों में 25 झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक को सील किया गया है, साथ ही उनकी दवाइयां भी जब्त कर ली गई है. जिले में मलेरिया और डायरिया का प्रकोप फैलने के बाद स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई में जुटा है. झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ बिलासपुर जिले के चार ब्लाक में कार्रवाई की गई. दो दिन में 25 झोलाछाप डाक्टरों की क्लीनिक को सील कर दवाइयां जब्त की गई है. इससे पहले 65 क्लीनिक सील किए जा चुके हैं. कोटा, मस्तूरी, बेलतरा और बिल्हा ब्लाक में झोलाछाप डाक्टरों के क्लीनिक पर कार्रवाई हुई है. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अब तक 90 क्लीनिक सील किया है. बता दें कि बिलासपुर जिले के चारों ब्लाक को मिलाकर बीएमओ (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर) ने 165 झोलाछाप डॉक्टरों की सूची तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को सौंपी है. जिसके आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है. स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछाप डॉक्टरों को लेकर और भी जानकारियां मंगाई है।

# छत्तीसगढ़ में 8 महीने में 147 माओवादी मारे गए, 631 ने किया आत्मसमर्पण

- नियद नेल्लानार योजना अंदरूनी क्षेत्रों के विकास के लिए मील का पत्थर
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने माओवादियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान पर मिली सफलता पर सीएम साय की सराहना की




**रायपुर | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार द्वारा माओवादी आतंकवाद के विरुद्ध उठाए जा रहे कदमों की केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी तारीफ की है. छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पिछले 8 महीने में जिस तरह नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रभावी रणनीति को लागू किया गया है, उसकी केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सराहना की है.

राजधानी रायपुर में 24 अगस्त को वामपंथी उग्रवाद पर इंटरस्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी, जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के मुख्यसचिव, बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एनआईए के महानिदेशक समेत राज्यों के पुलिस महानिदेशक मौजूद थे.

दरअसल, विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले आठ महीने में ही 147 माओवादियों को मार गिराया है. इसी दौरान 631 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटे हैं. इसका श्रेय साय सरकार द्वारा संचालित नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन को दिया जा रहा है. राज्य में पिछली सरकार के कार्यकाल में पांच साल में जहां सिर्फ 219 माओवादी मारे गए वहीं आठ महीने में ही नक्सलियों के लगातार एनकाउंटर तथा आत्मसमर्पण को विष्णु देव साय सरकार की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. मिली जानकारी के मुताबिक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में माओवाद के मोर्चे पर कानून व्यवस्था के साथ ही गुड गवर्नेंस के क्षेत्र में जिस तरह कार्य हुए हैं, उसे लेकर सीएम साय की प्रशंसा की है. यहाँ उल्लेखनीय है कि पिछले आठ माह में साय सरकार ने नक्सल इलाकों में 33 सुरक्षा कैम्प स्थापित किए हैं. जल्द ही 16 और कैम्प स्थापित किए जाएंगे. इन सुरक्षा कैम्प से पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच दूरी कम हुई है. इससे जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन भी बेहतर हुआ है. राज्य में नियद नेल्लानार योजना को माओवाद प्रभावित क्षेत्र में विकास के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है. इस योजना के तहत 17 विभागों की 53 जनकल्याणकारी तथा 28 सामुदायिक योजनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है.

## पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने अग्निवीर अभ्यर्थियों की ट्रेनिंग का किया निरीक्षण



- सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए किया प्रेरित

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने आज सुबह 6वीं बटालियन उर्दना का दौरा किया, जहां उन्होंने अग्निवीर अभ्यर्थियों की चल रही ट्रेनिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों को मोटिवेट करते हुए प्रशिक्षण में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों से बातचीत कर उनकी तैयारियों का जायजा लिया और उन्हें मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ ट्रेनिंग जारी रखने के लिए उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सिर्फ शारीरिक और मानसिक मजबूती के लिए नहीं, बल्कि देशसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर अभ्यर्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने और सभी चुनौतियों का सामना दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ करने की सीख दी गई। पुलिस अधीक्षक के इस प्रेरणादायक संदेश ने अभ्यर्थियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें ट्रेनिंग के प्रति और भी अधिक समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सहायक सेनानी ब्रजेश तिवारी, आरआई अमित सिंह, कंपनी कमांडर राजेश खुंटे, क्वार्टर मास्टर बबीत नायक तथा प्रशिक्षक स्टाफ मौजूद रहे।

## धरमजयगढ़ पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के आरोपी को घरघोड़ा में दबिश देकर पकड़ा

- पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध के 24 घंटे के भीतर आरोपित को भेजा जेल

**रायगढ़**




थाना धरमजयगढ़ में स्थानीय युवती द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि वर्ष 2021 में उसके गांव में प्रफुल्ल दास महंत (22 वर्ष), ग्राम पुस्लदा थाना घरघोड़ा, घूमने आया था। उसी समय दोनों के बीच परिचय हुआ और फोन पर बातचीत शुरू हो गई। 27 नवंबर 2022 को प्रफुल्ल दास महंत ने युवती को कॉल कर घर के बाहर बुलाया और शादी का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद, वह लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा, लेकिन शादी के वादे को टालता रहा।

युवती के आवेदन पर पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 223/2024, धारा 376(2)(N) और 313 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया। पीड़िता का विस्तृत बयान लिया गया और सहमति से उसकी मेडिकल जांच कराई गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी प्रफुल्ल दास महंत को उसके गांव पुस्लदा, थाना घरघोड़ा से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए माननीय JMFC न्यायालय, धरमजयगढ़ में पेश किया गया, जहां जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपित को जिला जेल दाखिल करने पुलिस टीम रवाना हुई है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर की टीम द्वारा त्वरित रूप से की गई।

### रायगढ़ जन्माष्टमी मेला

## 25, 26, 27 अगस्त के लिए यातायात प्रतिबंध और पार्किंग निर्देश

**रायगढ़**

जन्माष्टमी मेले के दौरान शहर में यातायात व्यवस्थित करने के लिए 25, 26 और 27 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक इन चौंक से श्याम मंदिर और गौरी शंकर मंदिर की ओर जाने वाले दो पहिया और चार पहिया पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे, यह चौक/तिराहा है -

- * गद्दी चौक।
- * कोस्टापारा चौंक।
- * सिल्वर पैलेस तिराहा।
- * शहीद चौक।
- * गांधी प्रतिमा के सामने।
- * न्यू मार्केट तिराहा।
- * सारंगढ़ चौक।
- * गोगा राइस मिल।

अस्थायी 05 पार्किंग -



(1) ईतवारी बाजार- हमीरपुर और चक्रधर नगर से आने वाले चार पहिया/दुपहिया वाहन के लिए।

(2) मरीन ड्राइव - छातामुड़ा चौक से आने वाले चार पहिया/दुपहिया वाहन के लिए।

(3) गांधी गंज- कोतरारोड़ की ओर से आने वाले चार पहिया/दुपहिया वाहन के लिए।

(4) स्वामी आत्मानंद विद्यालय, नटवर स्कूल मैदान- कोतरारोड़ की ओर से आने वाले चार पहिया/दुपहिया वाहन के लिए।

(5) रामलीला मैदान- घरघोड़ा, तमनार की ओर से आने वाले चार पहिया/दुपहिया वाहन के लिए।

**वन-वे पांइट-**

हंडी चौक को वन वे घोषित किया गया है, हंडी चौक से सुभाष चौक की ओर वाहनों का जाना प्रतिबंधित रहेगा।

**आगंतुकों से विनम्र अपील:**

निर्धारित ट्रैफिक प्रतिबंधों और पार्किंग व्यवस्थाओं का पालन करें। सभी से अनुरोध है कि अस्थायी पार्किंग स्थलों का उपयोग करें और प्रतिबंधित क्षेत्रों में वाहनों को न ले जाएं। आपके सहयोग से हम सभी प्रतिवर्ष की भांति सुरक्षित और आनंदमय जन्माष्टमी मेला उत्सव सुनिश्चित कर सकते हैं।

## बैंक लिंकेज कैम्प में स्व-सहायता समूहों को किया गया राशि प्रदाय

**रायगढ़**



प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा 25 अगस्त को महाराष्ट्र के जलगांव में स्व-सहायता समूह के 2 लाख महिला सदस्यों के साथ कार्यक्रम किया जाना है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के द्वारा वन क्लीक के माध्यम से स्व-सहायता समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज का वितरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुये रायगढ़ जिले के समस्त बैंकों के द्वारा आजीविका मिशन अंतर्गत लगभग स्व-सहायता समूह की दीदियों को राशि प्रदाय किया गया।

जिला पंचायत रायगढ़ के निर्देश में विकासखंड घरघोड़ा अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह का बैंक लिंकेज कैंप 22 एवं 23 अगस्त 2024 को बैंकों के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें 61 सहायता समूहों को 366 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति की गई। जिसमें एसबीआई घरघोड़ा के बैंक मैनेजर बाल मुथु, सीबीआई घरघोड़ा के बैंक मैनेजर राकेश कुमार, सीबीआई के बैंक मैनेजर देवाशीष सेन, पीएनबी कंचनपुर के बैंक मैनेजर अतुल कुजूर, पीएनबी रायकेरा के बैंक मैनेजर कैलाश कुमार पार्थ, ग्रामीण बैंक घरघोड़ा के बैंक मैनेजर विनीत कुमार, ग्रामीण बैंक कुडुमकेला के बैंक मैनेजर अभिनव चतुर्वेदी एवं ग्रामीण बैंक नवापारा टेन्डा के बैंक मैनेजर अमित कुमार सहित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन घरघोड़ा के अमला तथा डीईओ एवं एडीईओ यमुना सिदार का विशेष योगदान रहा।

## भटकता हुआ मिला नाबालिग बालक, कोतवाली पुलिस ने सुरक्षित माता-पिता को सौंपा

**रायगढ़**

संध्याकालीन पैदल गश्त के दौरान थाना सिटी की पुलिस को केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास एक नाबालिग बालक मिला। पुलिस स्टाफ ने उसे सुरक्षित थाने लाकर पूछताछ की, जिससे पता चला कि वह बालक चरखापारा, चौकी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ का निवासी है। किशोर ने बताया कि वह बिना किसी को सूचित किए बंबई, महाराष्ट्र में काम करने के लिए निकला था। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल ने तुरंत बालक के पिता को सूचना दी और बताया कि उनका पुत्र बिना बताए घर से निकल गया था। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ने बालक को आशियाना सेंटर में रखा।

अगले दिन, 24 अगस्त 2024 को, बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई से कोतवाली पुलिस ने एक संभावित संकट को टाल दिया और बालक को सुरक्षित घर पहुँचाया।

## तमनार पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों पर कसा शिकंजा: 45 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर तमनार पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत कल 23 अगस्त 2024 को थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में कई गांवों में अवैध शराब को लेकर छापेमारी की गई। इस दौरान दो स्थानों से 45 लीटर महुआ शराब बरामद की गई और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पहली कार्रवाई ग्राम सलिहाभांठा में मुखबिर की सूचना पर की गई, जहां पुलिस ने ग्राम उत्तर रेगांव निवासी वेणुधर भगत (43 साल) के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब (रु.6000) बरामद की। दूसरी छापेमारी ग्राम हमीरपुर में की गई, जहां से आरोपी शशिकांत सोनी (26 वर्ष) के पास से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब और शराब बिक्री की राशि रु.150 बरामद की गई।

दोनों मामलों में पुलिस ने धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया और आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस सफल कार्रवाई में टीआई आशीर्वाद राहटगांवकर के साथ तमनार पुलिस टीम के सहायक उप निरीक्षक सुरति लाल सिदार, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, देव प्रसाद राठिया, उषा रानी तिर्की, आरक्षक अनुप मिंज, पुरुषोत्तम सिदार और विद्याधर सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने थाना कोतरा रोड का किया वार्षिक निरीक्षण, वृक्षारोपण में भी हुए शामिल

**रायगढ़**

24 अगस्त 2024 को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने थाना कोतरारोड़ का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने अपराध रजिस्टर, मालखाना, सीसीटीएनएस, हवालात, रिकॉर्ड रूम और सीसीटीवी की बारीकी से जांच की। उन्होंने लंबित मामलों और जब्ती माल, शिकायतों के निराकरण के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने सभी थाने के कर्मचारियों से उनकी व्यक्तिगत और ड्यूटी से संबंधित समस्याओं की जानकारी प्राप्त की और उन्हें ईमानदारी पूर्वक ड्यूटी निभाने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक और डीएसपी अखिलेश कौशिक ने थाना स्टाफ के साथ थाना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। थाना प्रभारी ने अन्य स्थानों पर भी वृक्षारोपण योजना की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी गई।

पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की और भविष्य में भी आमजन को बेहतर सेवा, सुरक्षा प्रदान करने प्रतिबध्दता के साथ टीम वर्क में कार्य करना कहा गया।



## ग्रामीण लड़कियों और महिलाओं के लिए सिलाई और कंप्यूटर टैली का निःशुल्क ट्रेनिंग कोर्स

- रायगढ़ में दोनों कोर्स के दौरान माहभर का प्रशिक्षण, आवास और भोजन पूर्णतः निशुल्क

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण लड़कियों और महिलाओं के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) रायगढ़ में एक माह का दो कोर्स महिला दर्जी (सिलाई) प्रशिक्षण 30 अगस्त 2024 से एवं कंप्यूटर अकाउंटिंग (टैली) प्रशिक्षण 31 अगस्त 2024 से आयोजित की जा रही हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिये मोबाइल नम्बर पर 7974942078, 865691978, 7999984982 संपर्क कर और दस्तावेज वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35-35 सीट निर्धारित हैं।

एसबीआई आरसेटी रायगढ़ के सीनियर समन्वयक श्रवण श्रीवास्तव से प्राप्त जानकारी अनुसार इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवती एवं महिला को प्रशिक्षण दिया जाना हैं।

प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षाणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। विशेष रोजगार गारंटी के तहत् एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन कार्य किया हैं, तो उसे रोजगार गारंटी के तहत् प्रति दिवस 221 रुपए की दर से भत्ता भी प्रदान किया जायेगा। प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं। प्रशिक्षण अवधि में खाना, रुकना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। प्रशिक्षण पश्चात् प्रमाण पत्र दिया जायेगा।व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु बैंक से ऋण भी उपलब्ध कराया जाता हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480